राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राज्यपाल ने हंस फाउंडेशन स्थापना की 15वीं वर्षगांठ पर दी बधाई और सेवा कार्यों की सराहना की।

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 23 नवम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने नई दिल्ली में हंस फाउंडेशन की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और संस्था के उल्लेखनीय सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने माता मंगला जी और भोले जी महाराज को साधुवाद देते हुए कहा कि हंस फाउंडेशन ने देशभर में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन और बाल कल्याण के क्षेत्रों में जो अनुकरणीय कार्य किए हैं, वे प्रेरणादायक हैं।

राज्यपाल ने कहा की 'सेवा परमो धर्मः' का पालन करते हुए हंस फाउंडेशन ने मानवता के कल्याण में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा उत्तराखंड में संचालित जनरल अस्पताल, आई केयर अस्पताल और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। इसके साथ ही फाउंडेशन द्वारा महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, शिक्षा के लिए आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को समर्थन देने और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

राज्यपाल ने कहा कि फाउंडेशन के 'हर घर स्वास्थ्य की दस्तक' और 'लिटिल हार्ट' जैसे कार्यक्रम हजारों लोगों को जीवनदान दे रहे हैं। इसके अलावा फाउंडेशन ने देश के दूरदराज इलाकों तक अपनी पहुंच बनाकर असमानताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, ''सेवा का मार्ग हमें ईश्वर तक ले जाता है। हंस फाउंडेशन की यह सेवा यात्रा मानवता के कल्याण की दिशा में अनवरत चलती रहे, यही मेरी कामना है।''

............0............